यूटीयू कौथिग : रिफात मिस्टर और लतिका धामी मिस यूनिवर्सिटी बनीं

तीन दिवसीय समारोह संपन्न, विजेताओं को किया गया सम्मानित

संवाद न्यूज एजेंसी

देहरादून। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ( ) का तीन दिवसीय एनुअल एथलेटिक्स एंड टेक्नो-कल्चरल फेस्टिवल (कौथिग) का बृहस्पतिवार को समापन हो गया। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ अप्लाइड साइंस भीमताल ने कौथिग को ओवर ऑल चैंपियनशिप अपने नाम की। जबकि, रिफात को मिस्टर यूनिवर्सिटी और लतिका धामी मिस यूनिवर्सिटी का खिताब मिला।

यूटीयू के संस्थापक कुलपति प्रो. बीके तिवारी ने मुख्य अतिथि के तौर पर छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने कहा, इस तरह के आयोजन में प्रतिभाग करने से हमें मानसिक और शारीरिक मजबूती मिलती है। आखिरी दिन के खेलों में रिले दौड़ बालक वर्ग में बिरला इंस्टीट्यूट भीमताल प्रथम, तुलाज इंस्टीट्यूट द्वितीय व शिवालिक इंजीनियरिंग कॉलेज ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में महिला प्रौद्योगिकी संस्थान देहरादून पहले, एचआईपी फार्मेसी कॉलेज दूसरे और सिद्धार्थ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट तीसरे स्थान पर रहा।

यूटीयू में फेस्टिवल के समापन पर रिफात और और लतिका को किया गया सम्मानित। संवाद

ये रहे विजयी

दौड़ : गौरव, परिशमा, अक्षत, संगीता विनय, कनक, शिवम, विल्माजीत, गौरव, अमिषा, दिव्यांश, प्रभा।

डिस्कस थ्रो, भाला फेंक : बालिका वर्ग की डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता में जेबीआईटी की टीम ने पहला व टीएचडीसी टिहरी ने दूसरा और एसडीबीआईओ ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। जबकि, पुरुष वर्ग में तुला इंस्टीट्यूट ने पहला, नन्ही परी सीमांत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग पिथौरागढ़ ने दूसरा व फैकल्टी ऑफ टेक्नोलॉजी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। भाला फेंक बालिका वर्ग में बीआईएएस भीमताल ने प्रथम, महिला प्रौद्योगिकी संस्थान ने दूसरा स्थान व तुला इंस्टीट्यूट ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सोसियो हैकाथॉन में ईशान एंड टीम ने प्रथम, बालेंदु एंड टीम दूसरे और भिष्टठी डोभाल एंड टीम तीसरे स्थान पर रही।